दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 307 मुरादाबाद 07 March 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## IPL 2022: IPL के 15वें सीजन का शेड्यूल आया सामने, CSK vs KKR के बीच होगा पहला मैच

आईपीएल 2022 के शेड्यूल का इंतजार खत्म हो गया है। बीसीसीआई ने पिछले दिनों टूर्नामेंट के शुरू होने की तारीखों के साथ वेन्यू का ऐलान कर दिया था मगर अब सीजन 15 का शेड्यूल जारी कर दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आज यानि 6 मार्च रविवार को आईपीएल 2022 का शेड्यूल जारी कर दिया है। सीजन का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2022 का पहला मुकाबला 26 मार्च को खेला जाना है, वहीं टूर्नामेंट का फाइनल 29 मई को होगा। इस बार टूर्नामेंट के दौरान 8 की जगह 10 टीमें हिस्सा लेगी। लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस की इस बार लीग में एंट्री हुई है।

### IPL के फॉर्मेट में हुआ बदलाव

इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) 2022 बदले प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें 10 टीम को पांच - पांच टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है लेकिन इसके बावजूद प्रत्येक टीम पहले की तरह 14 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने शुक्रवार को टीम के ग्रुप का खुलासा किया। मुंबई इंडियन्स, कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर ), राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली



कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स को ग्रुप ए में जबकि चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ( आरसीबी ), पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स को ग्रुप बी में रखा गया है।

### 14 मार्च से टीमें शुरू करेगी अभ्यास

इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) 2022 की सभी टीमें 14 मार्च से अपनी प्रैक्टिस शुरू कर देंगी। इसके लिए पांच स्थानों की पहचान की गई है, जहां टीमें प्रैक्टिस करेंगी। आईपीएल 2022 का आयोजन 26 मार्च से होना है और मुंबई क्रिकेट संघ ( एमसीए ) के बांद्रा कुर्ला परिसर, ठाणे में एमसीए स्टेडियम, डा. डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय मैदान, सीसीआई ( क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया ) के साथ का फुटबॉल मैदान तथा घनसोली में रिलायंस कारपोरेट पार्क मैदान की पहचान अभ्यास स्थलों के रूप में की गई है। खिलाड़ियों के आठ मार्च से यहां पहुंचने की संभावना है।

## सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले मोदी-कोरोना वैक्सीनेशन से भारत ने दुनिया को दिखाया अपना सामर्थ्य

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पुणे के एक दिवसीय दौरे पर हैं। पुणे में पीएम ने आज कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम पीएम ने यहां सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी के स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन समारोह को संबोधित भी किया। मोदी ने कहा कि पुणे में रहने वाले लोग अच्छी तरह जानते हैं कि कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर भारत ने किस तरह पूरी दुनिया के सामने अपना सामर्थ्य दिखाया है। पीएम ने कहा कि लोग यूक्रेन संकट के समय भी देख रहे हैं कि कैसे आपरेशन गंगा चलाकर भारत अपने नागरिकों को युद्ध क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकाल रहा है। पीएम ने आगे कहा कि सिम्बायोसिस ऐसा विश्वविद्यालय है जहां 'वसुधैव कुटुम्बकम्' पर अलग से एक कोर्स है। उन्होंने कहा कि ज्ञान का व्यापक प्रसार हो, ज्ञान पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में जोड़ने का माध्यम बने, ये हमारी संस्कृति रही है और इसे आज भी जारी देख खुशी होती है। बता दें कि इससे पहले पीएम ने पुणेवासियों को मेट्रो का तोहफा दिया। मेट्रो रेल परियोजना के उद्घाटन के वक्त उनके साथ राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। पीएम ने यात्रा के समय मेट्रो में मौजूद बच्चों से बात भी की




और सफर के बारे में पूछा।

### भारत अब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल

समारोह में बोलते हुए पीएम ने कहा कि भारत अब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम आज हमारे देश में है। पीएम ने आगे कहा कि मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भी भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बनकर उभरा है। सात साल पहले भारत में सिर्फ 2 मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियां थीं, आज 200 से ज्यादा मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स यहां काम कर रही हैं। पुणे पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने सिम्बायोसिस आरोग्य धाम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिम्बायोसिस अपने स्वर्ण जयंती के मुकाम तक पहुंचा है और इस यात्रा में अनेक लोगों का योगदान होता है। उन्होंने कहा कि इस सफर में उन छात्रों का भी बड़ा योगदान है जिन्होंने यहां से पढ़कर सिम्बायोसिस के विजन को अपनाया और अपनी सफलता से सिम्बायोसिस को पहचान दी।

### पुणे ने एजुकेशन और आइटी सेक्टर में बनाई मजबूत पहचान

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि पुणे ने एजुकेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, आईटी और ऑटोमोबिल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान निरंतर मजबूत की है। मोदी ने कहा कि आधुनिक सुविधाएं पुणे के लोगों की जरूरत हैं और हमारी सरकार पुणेवासियों की इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है।

### 100 ई-बसों का शुभारंभ, जल्द एक कार्ड से होगा पूरे शहर का सफर

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बीच बनेर में निर्मित 100 ई-बसों और ई-बस डिपो का भी शुभारंभ किया। पीएम ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हर शहर में ज्यादा से ज्यादा ग्रीन ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिक बसें, इलेक्ट्रिक कारें और इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का फोकस है कि हर शहर में स्मार्ट मोबिलिटी हो जिसके लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट में एक ही कार्ड के इस्तेमाल को लाने का काम किया जा रहा है। बता दें कि इस कार्ड का फायदा यह होगा कि लोग इससे मेट्रो और बस दोनों में सफर कर सकेंगे।

### 2014 के बाद से मेट्रो का हुआ विस्तार, पुणे के लोगों की बढ़ेगी ईज आफ लिविंग

पीएन ने अपने संबोधन में कहा कि 2014 तक सिर्फ दिल्ली-हृष्ट्रमें ही मेट्रो का व्यापक विस्तार हुआ था। बाकि कुछ शहरों में ही मेट्रो का संचालन शुरू किया गया था। मोदी ने कहा कि आज देश के 2 दर्जन से अधिक शहरों में मेट्रो या तो आपरेशनल हो चुकी है या फिर जल्द चालू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि ये मेट्रो पुणे में मोबिलिटी को आसान करेगी और प्रदूषण एवं जाम से राहत के साथ लोगों की ईज आफ लिविंग बढ़ाएगी।

## अंतिम चरण में विधानसभा चुनाव, परीक्षा के लिए नौ जिले तैयार, 613 प्रत्याशियों का भाग्य दांव पर

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी समेत नौ जिलों की 54 विधानसभा सीटों पर सोमवार को होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने रविवार को यहां पत्रकारों को बताया कि सातवें और अंतिम चरण में आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही तथा सोनभद्र जिलों में होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है और पोलिंग टीम गंतव्य पर पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि चंदौली के चकिया ( सु ) तथा सोनभद्र जिले के राबर्टसगंज एवं ( सु ) में मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगा जबकि अन्य 51 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। निर्धारित अवधि के बाद भी कतार में खड़े लोगों को वोट डालने का अधिकार होगा। उन्होंने बताया कि सातवें चरण के मतदान में 2.06 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1.09 करोड़ पुरूष, 97.08 लाख महिला तथा 1027 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इस चरण में कुल 54 विधान सभा क्षेत्रों में 613 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से 75 महिला प्रत्याशी हैं। चुनाव में कुल 23614 मतदेय स्थल तथा 12210 मतदान केन्द्र हैं जिन पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए 52 सामान्य प्रेक्षक, 09 पुलिस प्रेक्षक तथा 17 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 1621 सेक्टर मज्ट्रिेट, 195 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 2796 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं।

## कलेक्ट्रेट गेट पर टेंट लगाकर ईवीएम की रखवाली



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिले की दो विधानसभा पर हुए मतदान के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ गई है। मतदान के बाद से ही सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के बाहर से ईवीएम की रखवाली कर रहे हैं। उन्हें आशंका है कि कहीं ईवीएम की हेराफेरी न हो जाए। ऐसे में वो कलेक्ट्रेट गेट पर दिनों-रात पहरा देकर स्ट्रांगरूम पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। इसके लिए कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमति भी ली है। समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अमन पांडेय ने बताया कि सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर कलेक्ट्रेट पर टेंट लगाकर स्ट्रांगरूम की निगरानी की जा रही है। इसके लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में आठ-आठ कार्यकर्ता शामिल हैं। जो तीन शिफ्ट में आठ-आठ घण्टे ड्यूटी देकर ईवीएम नजर बनाए है। पूर्व विधायिका इंद्राणी वर्मा जो कि भिनगा विधानसभा से प्रत्याशी भी हैं। वह भी समय-समय पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के बीच समय गुजारती हैं। उन्होंने बताया कि सभी कार्यकर्ता ईवीएम की निगहबानी में स्वेच्छा से सहयोग दे रहे हैं। मतदान के दिन तक ईवीएम की रखवाली लगातार की जाएगी।

## मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न


लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में मतगणना कार्य हेतु ड्यूटी पर तैनात किये जाने वाले कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण विकास भवन परिसर के डी0पी0आर0सी0 हाल भिनगा में प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान मतगणना से सम्बन्धित विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ई0वी0एम0 मतों की गणना प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित रिटर्निंग आफिसरों द्वारा मतगणना हाल में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को मत की गोपनीयता बनाये रखने के लिए लोक प्रतिनिधत्व अधिनियम, 1951 की धारा-128 के उपबन्धों को ऊंचे स्वर में पढ़कर सुनाया जायेगा। डाक मतपत्रों की गणना शुरू होने के 30 मिनट के बाद ईवीएम मतगणना शुरू की जा सकेगी। ईवीएम को मार्गरक्षण (अभिकर्ता साथ रह सकते है) में स्ट्रांग रूम से मतगणना हाल में लाया जा सकता है, भले ही मतपत्रों की गणना अभी भी चल रही हो, लेकिन ईवीएम मतगणना का दौर तब तक शुरू नहीं होगा जब कि डाक मतपत्रों की गणना समाप्त न हो जाय। उन्होने बताया कि ई0वी0एम0 से मतगणना, गणना टेबुलों पर चक्रवार की जायेगी, जिसमे कन्ट्रोल यूनिटों का मतगणना मेजों पर वितरण मतदान स्थलों के क्रम में किया जायेगा, रिज़ल्ट सेक्शन को खोल कर सीलिंग में लगी संशोधित ग्रीन पेपर सील के हरे भाग के नीचे रिज़ल्ट बटन को दबाएँगे और सावधानी पूर्वक प्रत्याशियों को प्राप्त मतों को फार्म 17ग भाग 2 पर अंकित करेंगे। इस प्रकार गणना समाप्त होने तक कार्य किया जाएगा। प्रत्येक विधान सभा में 5-5 वी0वी0पैट की पर्चियों को रैंडमली गणना भी की जाएगी। किसी कार्मिक या गणना अभिकर्ता को गणना परिसर में मोबाइल फ़ोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इस अवसर पर रिटर्निंग आफिसर विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा/ उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 रविन्द कुमार चतुर्वेदी, जिला बचत अधिकारी रामप्रसाद सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा मतगणना कार्मिकगण उपस्थित रहे।


## पति की मौत के बाद जायजाद में हिस्सा ना दिए जाने से परेशान महिला ने पुलिस अधीक्षक बांदा से लगाई न्याय की गुहार

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा- बांदा एस पी कार्यालय में पूजा पटेल पत्नी स्वर्गीय कुलदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बांदा पहुंच कर अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि पति की मौत दिसंबर 2020 में होने के बाद जेठ वा अन्य लोगो ने बेटी की परवरिश के लिए दस लाख का चेक दिया था। जब चेक कैश करने पहुंची तो पता चला की कोई रुपया खाते में न होने से चेक बाउंस हो गया। पीड़िता ने अपने जेठ पर आरोप लगाते हुए बताया कि पति की कार फर्जी साइन कर बेच दी साथ ही मेरे पति के एकाउंट में जमा एक लाख रुपए फोन पे के माध्यम से निकल कर हमे बेसहारा कर दिया गया है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र के जरिए उचित न्याय के साथ अपना हक दिलाए जाने की मांग की है।

## एक किलो सौ ग्राम नाजायज चरस के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक थाना को0 भिनगा मय हमरा द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राकेश चौधरी पुत्र रामखेलावन निवासी मटखनवा पूरे खैरी थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती 01 किलो 100 ग्राम नाजायज चरस के साथ बगुरईया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना को0 भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 67/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया।

## मतगणना संबंधी समस्त कार्यों को सम्पन्न कराएं निष्पक्षतापूर्वक: डीईओ

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बदायूँ- विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 की मतगणना को निष्पक्ष और पारदर्शितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में प्रथम प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में दिया गया। डीएम ने मतगणना कार्मिकों से मतगणना प्रक्रिया को पूरी गम्भीरता पूर्वक लेते हुए मतगणना संबंधी समस्त कार्यों को निष्पक्षतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। मतगणना से संबंधित समस्त कार्मिकों को 10 मार्च प्रातः 6 बजे मंडी समिति पहुंचना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त मतगणना कार्मिक समय से पहुंचे विलंब होने पर तत्काल कार्रवाई अमल में लाई जाएगी कोई भी कार्मिक मोबाइल लेकर नहीं आएगा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 की मतगणना को निष्पक्ष और पारदर्शितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये मतगणना कार्मिकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। मंडी समिति बदायूं में 10 मार्च 2022 गुरूवार को प्रातः 08 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्मिक अपने साथ मोबाईल फोन नहीं ले जा सकेंगे। अतः सभी कार्मिक मोबाइल फोन घर पर ही रख कर आये। मतगणना प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मतगणना कार्मिकों से कहा कि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्विघ्न रूप से मतगणना सम्पन्न कराएं। सभी मतगणना के दौरान मतगणना एजेण्टों के हस्ताक्षर अवश्य करा लें। उन्होंने निर्वाचन में मतगणना के महत्व को बहुत संवेदनशील बताते हुए मतगणना कार्य की शुद्धता और शुचिता बनाये रखने के लिये सभी मतगणना कार्मिकों से स्पष्ट अपेक्षा की। उन्होंने मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के लिये मतगणना कार्मिकों को कड़ी हिदायत दी। उन्होने कहा कि सभी कार्मिक निर्धारित समय पर मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें, साथ ही मतगणना के दौरान पूरी सावधानी बरतें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग आफीसर को शीघ्र अवगत कराना सुनिश्चित करें। मतगणना हेतु प्रत्येक टेबल पर एक-एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मी की ड्यूटी लगायी गई है। उन्होंने सभी मतगणना कार्मिकों से कहा कि 10 मार्च 2022 को प्रत्येक दशा में निर्धारित समय से अवश्य पहुंच जायें, वहां उनकी उपस्थिति दर्ज करने के बाद उन्हें मतगणना हेतु निर्धारित विधानसभा तथा टेबिल संख्या के बारे में जानकारी दी जायेगी। मतगणना ट्रेनर ने मतगणना कार्मिकों को पोस्टल बैलट की गणना, ईवीएम से मतगणना तथा मतगणना से संबंधित निर्धारित प्रपत्रों को भरने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मतगणना से संबंधित ईएन-कोर पर डाटा फीडिंग, ई.टी.बी.पी.एस., स्कैनिंग आदि के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर समस्त आरओ एवं मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर आदि संबंधित समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गौमाता पर अत्याचार करने पर राष्ट्रीय गौरक्षक दल ने करायी रिपोर्ट दर्ज



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- हिंदुस्तान में गाय को गौमाता मानते हुए पूजा पाठ कन्या दान आदि आयोजनों में गौदान का संकल्प कराकर पुन्य प्राप्त करते हैं वहीं बुधबाजार में एक बीमार कमजोर गौमाता जो भूखी प्यासी सड़क पर खड़ी थीं उसके मुँह पर मुरादाबाद का नामी दुकानदार रोल्ड गोल्ड दुकान के एक व्यक्ति हरिओम सिंह पिता राम सिंह ने जोरदार लात मारी गौमाता के प्रति ऐसा कृत्य किया जो हमारे धर्म शास्त्रों में गौमाता की महिमा वर्णित है इस तरह से अगर कोई व्यक्ति हमारी गौमाता पर अत्याचार करता है तो इससे हम सभी की आस्था पर ठेस पहुँचती गौमाता के मुँह पर जुते पहने लात मारी जिसकी सूचना सीसीटीबी वीडियो राष्ट्रीय गौरक्षक दल के जिला अध्यक्ष कुबेर सिंह चौहान को मिली सूचना पाकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर गीता शर्मा महानगर उपाध्यक्ष शिवम मग्गु थाना कोतवाली सदर मैं आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है जल्द गौमाता को न्याय मिलेगा पुलिस प्रशासन की तरफ से पूरी संतुष्टि मिली है कार्यवाही जरूर होगी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कार्यवाही न करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी

## ठाकुरद्वारा में प्रतिबंधित समय में गुजर रहे दो डंपर सीज, मचा हड़कंप कुन्दरकी में अधेड़ का तीसरे दिन भी नहीं लगा कोई सुराग



मुरादाबाद-कुन्दरकी थानाक्षेत्र में एक अधेड़ ने जैतवाड़ा के पुल से रामगंगा नदी में छलांग लगा दी थी। अधेड़ का तीसरे दिन में कोई सुराग नहीं लग पाया है। एसडीएम घनश्याम कुमार व देश दीपक सिंह ने रामगंगा नदी पर पहुंचकर घटना का मुआयना किया। देर शाम तक अधेड़ का कोई सुराग नहीं मिलने पर रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा। थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी राजाराम पुत्र खुशहाली पिछले चार माह से मानसिक अवसाद से जूझ रहा था। परिजनों ने दावा किया कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। एक ही बात को कई बार दोहराते थे। शुक्रवार शाम को वह घर से बिना बताए चले गए और जैतवाड़ा पुल के पास रामगंगा नदी में छलांग लगा दी है। पुलिस ने एनडीआरएफ़ टीम के साथ राहत बचाव कार्य आरंभ किया। मगर राजाराम का कोई सुराग नहीं मिला। तीसरे दिन के बाद भी राजाराम का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों में चिंता सता रही है। उप निरीक्षक अंकुर मलिक ने बताया एनडीआरएफ की टीम ने 40 किलोमीटर दूर तक राजाराम को खोजने का प्रयास किया परंतु कोई भी सफलता हासिल नहीं हुई है। उधर राजाराम का कुछ पता नहीं चलने पर पुत्र ऋषिपाल, विक्रम और चार बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। राजाराम की पत्नी शांति की आंखों के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सांत्वना देने के लिए लोगों का घर पर लोगों का तांता लगा रहा। रविवार को एसडीएम घनश्याम कुमार व देश दीपक सिंह ने भी रामगंगा नदी पुल पर पहुंचकर घटना का मुआयना किया।

## ठाकुरद्वारा में प्रतिबंधित समय में गुजर रहे दो डंपर सीज, मचा हड़कंप



मुरादाबाद-नगर में डंपर के संचालन से लगातार हो रहे हादसों को लेकर पुलिस ने दिन में डंपर संचालन पर रोक लगा दी थी। प्रतिबंधित समय में संचालित डंपरों पर शिकंजा करते हुए पुलिस ने अभियान चलाकर दो डंपर सीज कर दिए। रविवार को पुलिस की कार्रवाई से डंपर चालकों में हड़कंप मचा रहा। चालकों ने उत्तराखंड की सीमा पर ही डंपर खड़े कर पुलिस कार्रवाई से बचने का प्रयास किया। ठाकुरद्वारा नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज के सामने नगर निवासी युवक की बाइक डंपर की चपेट में आ गई थी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई थी। उस समय भी काफी बवाल हुआ था और पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने में पसीने छूट गए थे। इसके बाद बीते सप्ताह रतूपुरा में ट्रैक्टर चालक की डंपर की टक्कर से मौत हो जाने के बाद मचे बवाल को लेकर डिप्टी एसपी डॉ अनूप सिंह ने दिन के समय डंपर का संचालन बंद करने के आदेश दिए थे। रविवार को कोतवाली पुलिस ने उप निरीक्षक रविंद्र नैन के नेतृत्व में काशीपुर-मुरादाबाद हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाकर दो डंपर सीज कर दिए। उधर पुलिस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही उत्तराखंड की दिशा से आ रहे डंपरों के चालकों ने अपने डंपर राज्य सीमा पर खड़े कर पुलिस कार्रवाई से स्वयं को बचाया। प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि अभियान जारी रहेगा। दिन के समय डंपर बिल्कुल नहीं चलने दिए जाएंगे।

## ठाकुरद्वारा में तेंदुओं कबीला तादाद 35 होने की संभावना

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- जिम कार्बेट पार्क रामनगर उत्तराखंड और अमानगढ़ रेंज में पानी की किल्लत हो जाने पर नदी के किनारे किनारे होकर क्षेत्र में घुस रहे हैं तेंदुए तेंदुआ की संख्या लगातार बढ़ती नजर आ रही है यह संख्या 25 से बढ़कर 35 कुनबा तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिम कार्बेट पार्क और इससे सटे अमानगढ़ रेंज में पानी की किल्लत हो जाने पर कुछ तेंदुए कौवा खाल नदी के किनारे होकर क्षेत्र में घुस आए थे सबसे पहले इन तेंदुए को पानी वाला रामूवाला शेखू गांव के आसपास देखा गया था ग्रामीणों ने पानूवाला में गेहूं के खेत में घेर कर वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी थी तो अधिकारी विश्वास नहीं कर रहे थे ग्रामीणों ने नील गाय पकड़ने के जाल का प्रयोग कर तेंदुए को कब्जे में लेकर वन विभाग को सौंपा था इसके बाद तेंदुए सबसे अधिक संख्या में मधुपुरी के जंगल के आसपास देखे गए वन विभाग का कहना था कि मधुपुरी में तीन नदियों का संगम है। तेंदुओं को सबसे अधिक पानी की जरूरत होती है यह नदियां उनकी इस जरूरत को पूरी कर रही थी यहां भेड़ बकरी पालन मुख्य व्यवसाय हैं तेंदुआ को भूख मिटाने के लिए यह आसानी से उपलब्ध है धीरे-धीरे तेंदुए आबादी में घुसकर हमले करने लगे शहर क्षेत्र गांव गांव फैली तेंदुए की दहशत

## निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने सोल पेन डायरी बुक देकर किया सम्मानित



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- रविवार को बार एसोसिएशन के नरेंद्र नरेंद्र सिंह एडवोकेट को गहलोत जी को व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान वह कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक नरेश सिंह चौहान ने अपने प्रतिष्ठान लकी बुक डिपो पर 11वीं बार निर्विरोध बार एसोसिएशन का अध्यक्ष चुने जाने की खुशी में लकी बुक डिपो पर भव्य स्वागत फूल पुष्प अर्पित कर सोल पेन डायरी बुक कैलेंडर देकर उन्हें सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई करते हुए भव्य स्वागत व सम्मान से नवाजा लगातार 11वीं बार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए नरेंद्र सिंह एडवोकेट इस मौके पर अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित बार एसोसिएशन का चुनाव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हुआ पहले की तरह कई नाम चुनाव लड़ने को लेकर सामने लेकिन वक्त के अनुकूल कोई मैदान में नहीं टीका फिर बार एसोसिएशन का 11वीं बार चुनाव जीत कर विजय रहे नरेंद्र सिंह एडवोकेट बार एसोसिएशन निर्विरोध चुने जाने पर अधिवक्ता वे सामाजिक तत्व के लोग उनका फूल माला सम्मान से जगह जगह किया जा रहा है भव्य स्वागत जीत का जश्न पूरे नगर ठाकुरद्वारा मनाया जा रहा है बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक नरेश सिंह चौहान की ओर से सभी अधिवक्ता गण बार एसोसिएशन को जीत की हार्दिक बधाई

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
**Title Code : UPBIL05086**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

## संपादकीय Editorial

# How deep in the budget

The season of laying many red carpets in the hands of Mulayam Mulamams and the desire to change the election pronunciation is on the horizon. The final budget of any government is actually the biggest display of economic bargaining. In this context, the budgetary provision of Himachal has clearly found some beneficiary, although this budget is not supported by the workers' struggle, which was hurt by the assembly session. Apart from this, an attempt has been made to light some lamps in the homes of low-class, temporary and outsourced employees. Greenery has been planted in the budget for Anganwadi, Mid Day Meal and Asha workers, so by raising the daily wage to Rs 350, the government has financed the last rung government daily wager. At least Rs 900 in identification of surnames like Water Carrier, Sewing Teachers, Jal Rakshak, Multi Purpose Worker of Jal Shakti Department, Para Fitter and Pump Operator, Panchayat Chowkidar, Revenue Chowkidar and Revenue Lambardar trapped in the poor lists of employees. Salary hike given. Apart from this, the honorarium of IT teachers and SMC teachers has been increased by Rs 1000, while the explanation or solution of the major issues of the employees has not been graphed in the budget. The financial health of the public representatives coming out of the election process is being taken care of through the budget. Now the Zilla Parishad President will get 15 thousand, Vice President 10 thousand, Panchayat Samiti President nine thousand, Gram Panchayat Pradhan 5500, Municipal Corporation Mayor 15 thousand and City Council President eight thousand rupees per month. In such a situation, from the allocation of government resources, many benefits and beneficiaries can be counted. For example, three free cylinders will be available on a new connection or two extra will be available with the old one. Grant will be available to fishermen on three-wheeler, motor cycle, boat and net with ice box. Single women, handicapped, old people and women of 65 years of age will get a pension of thousand rupees per month without income limit. five cow sanctuaries, but when the farmer will get rid of stray and wild animals and monkeys, there is no clear detail. Some new schemes are being adorned in the name of the Chief Minister. The goal of higher education can be changed from Chief Minister's mobile clinic to health service and Chief Minister's research scholarship in every assembly constituency. Similarly, the digital library will increase student convenience in career preparation. There has been talk of setting up of four projects, Lata Mangeshkar Sangeet Mahavidyalaya and State Sports Institute, but only the scale of politics will tell why the secrecy of deciding the place is being kept in such hypotheses. By raising the limit of MLA primary schemes to 150 crores through the budget, Jairam government is definitely being declared honest. It is to be seen how much touch has been given by the Chief Minister in the last four years to the expectations of the common Himachali and every region of Himachal through the budget saying, 'Chaar diye teri dahleez pe hai roshan, ek diya main aur jalne aaya hoon'.


# The cousin was convinced to see the photo of Hrithik Roshan's new girlfriend, wrote in the comment – Uff!



Hrithik Roshan has been in the headlines for his personal life for some time now. Hrithik Roshan is openly dating Saba Azad and Saba has mingled with the Roshan family in a very short time. While Saba Azad is praising Hrithik Roshan and his family openly on social media, it seems that Hrithik Roshan's family is also becoming quite vocal in this matter. The same was seen once again on a social media post. Pashmina's comment on Saba's photo- Saba Azad recently shared a throwback photo of herself on her Instagram account. Sharing this photo, Saba wrote, 'Ms Parwana Irani. Circa 1942.' A lot of likes and comments came on his post in no time and Hrithik Roshan's niece Pashmina also commented on the photo. While making a heart emoji, Pashmina wrote – Uff. Such was the reaction of the family members - On Pashmina's comment, Saba Azad replied by making a kissing emoji - mmmwaah. One thing is clear from this conversation of both that Saba has become close to Hrithik Roshan's family in a very short time. Not only Pashmina's comment came on this post, but her daughter Sunaina Roshan also commented. Sunaina wrote - Stop it. How did Hrithik-Saba meet? - Hrithik Roshan and Saba Azad were seen together in a restaurant. Amazing chemistry was seen between the two. Even when Hrithik came out of the restaurant, he held Saba's hand. It is known that the two met through microblogging portal Twitter. Just like Priyanka Chopra and Nick Jonas met each other. Although Hrithik and Saba have come close to each other quite quickly.

# This is how Ajay Devgan removes negativity from himself, said this thing

Actor Ajay Devgan is in a lot of discussion about the tremendous action in his films. These days, he is also in the news for the recently released web series Rudra - The Age of Darkness. Now he has told how he deals with the negativity that comes in his way. Focus on the target- Talking to news agency IANS, the actor said, you cannot change the way people think. This is their prerogative. But you can remove yourself from any negativity by focusing your attention on your goal. Let us tell you, Ajay Devgan has made his digital debut with the recently released web series Rudra – The Age of Darkness. . The film is a remake of the successful British series Luther, which traces the journey of a policeman to bring justice to a victim. In this series, Ajay has played the role of DCP of Mumbai Police's Special Cell Unit. The one who fights criminals, corruption for truth in the dark, in the film, he is also seen fighting at the mouth of personal and professional life. This web series of Ajay Devgan is streamed on Disney Plus Hotstar on 4 March in Hindi, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam and Bengali. Ajay Devgan's Workfront- On the other hand, if we talk about Ajay Devgan's workfront, then he is going to be seen in many films back-to-back this year. The actor will soon be seen in a cameo role in Baahubali director SS Rajamouli's film RRR. Also the actor will be seen playing lead roles in big films like 'Run-way 34', 'Maidan', 'Raid 2', 'Thank God'. Before the web series Rudra - The Age of Darkness, he was seen in the film 'Gangubai Kathiawadi' directed by Sanjay Leela Bhansali. In this film actress Alia is played in the lead role. The movie Ajay Devgan has cameos.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# निष्पक्ष, सतर्कता, ईमानदारी के साथ की जाय, मतगणना, मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा! जिलाधिकारी



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज-विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की 10 मार्च को होने वाली मतगणना के लिए मतदान पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, आब्जर्वर तथा अतिरिक्त मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण विकास भवन के सभागार में अति गहनता के साथ दिया गया!

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इस अवसर पर कहा कि समस्त मतगणना कार्मिक प्रात: 06 बजे मतगणना स्थल मंडी समिति पर पहुँच जाये और अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर निर्धारित स्थल पर बैठकर पूरी ईमानदारी, सतर्कता, और सावधानी के साथ मतगणना करें! समय का विशेष ध्यान रखें, ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट में रिजल्ट का बटन दबाते ही परिणाम आना शुरू हो जायेगा इन्हें पूरी सावधानी से अंकित करना है, प्रत्येक चक्र की गणना आन लाइन आयोग को जायगी, मतगणना स्थल पर मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा! प्रेक्षकों एवं सी सी कैमरों की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना कराई जायगी प्रात: 08 बजे से मतगणना शुरू होकर निरंतर चलती रहेगी, सर्व प्रथम डाक मतपत्रों की गणना की जायगी, प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी! प्रभारी निर्वाचन कार्मिक तेज प्रताप मिश्र मतगणना हेतु प्रेक्षक, पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्मिक उपस्थित थे!

# तेदुंआ को पकडने में प्रशासन को करनी पडी बारह घंटे की मशक्कत, एक घायल मेडीकल कालेज में भर्ती, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आज रविवार की भोर में प्रात: 4 बजे के लगभग कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला समल में रास्ता भटक कर आबादी क्षेत्र में आ गए एक तेदुंऐ ने जहां ग्रामीण जनता में दहशत का माहौल पैदा कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया तो वहीं ग्रामीणों की सूचना पर उसे पकडने में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व वन विभाग के होश फाख्ता हो लिऐ ! हांलाकि बारह घन्टे की कडी मशक्कत के बाद जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने सांय चार बजे के लगभग उसे कब्जे में लेकर वन अभ्यारण में छोडने की बात कही है, परन्तु इस मध्य तेदुंऐ द्वारा ग्राम नगला समल के एक बारह बर्षीय मासूम बालक को चपेटे में लेकर गंभीर रूप से घायल कर देने की खबर है ! घायल बालक को मेडीकल कालेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है तथा उसकी हालत भी ठीक बतायी जाती है ! लेकिन एक छोटे से तेदुंऐ ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के छक्के छुडा कर भविष्य के लिए सचेत करने का संदेश दिया है ! तेदुंऐ को कब्जे में लेने के लिए वन विभाग की मंडलीय कंजरबेटर अदिति सिहं सहित जिले के समूचे वन विभाग को लगना पडा तब कहीं जाकर तेदुंऐ को कब्जे में लेने की योजना को साकार रूप देना पडा ! बहराहल आबादी क्षेत्र में नगला समल के अन्दर आस पास बिना जगंलो के तेदुंऐ के प्रगट होने से ग्रामीणजनों में दहशत का माहौल देखने को मिला है ! तेदुंऐ के रेस्क्यू आप्रेशन में जहां वन विभाग ने कडी मशक्कत की तो पुलिस प्रशासन में सीओ सिटी कालू सिंह सहित प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात जगदीश चन्द्र सहित भारी पुलिस बल द्वारा अपने कर्तव्यनिष्ठ दायित्वों का निर्वहन किया गया !

# युवक की मृत्यु के अभियोग में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस-थाना जैथरा पुलिस को मिली सफलता थाना जैथरा पुलिस द्वारा मारपीट की घटना में में हुयी युवक की मृत्यु के अभियोग में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटना का विवरण- दिनांक 04.02.2022 को महेश सिंह पुत्र रघवीर सिंह निवासी ग्राम खवा चौकी धुमरी थाना जैथरा जिला एटा ने थाना जैथरा पर इस आशय की सूचना दी कि दिनांक 03.02.2022 को प्रतिवादी गणों द्वारा वादी के पुत्र विवेक के साथ गाली गलोज करते हुए लाठी डन्डो से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था जिसे गम्भीर अवस्था मे परिजनों द्वाराजिला अस्पताल एटा ले जाया गया जहाँ पर डाक्टर द्वारा विवेक को मृत घोषित कर दिया गया इस सूचना पर थाना जैथरा पर मु0अ0सं0 30/2022 धारा 323/304/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा थानाध्यक्ष जैथरा को घटना में सम्मिलित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। आज दिनांक 06.03 को थाना जैथरा पुलिस द्वारा उक्त घटना में सम्मिलित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-स्वर्गीय श्री वी एन अस्थाना मधुकर कवि/गीतकार एवं साहित्यकार की स्मृति में आयोजित उनके पुत्र श्री हिमांशु अस्थाना तथा श्री अमित जौहरी (युवा प्रदेश अध्यक्ष अ. भा. कायस्थ महासभा) के संयोजन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन शांति नगर एटा में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विपिन जौहरी जी (प्रदेश महामंत्री अ.भा. कायस्थ महासभा) द्वारा की गयी। तथा संचालन भाई राजकुमार भरत द्वारा किया गया।। इस कार्यक्रम में डॉ ध्रुवेन्द्र भदौरिया जी, स्वाभिमान पर लगे दाग को, साथी का संबल धोता है! घोर पराजय के कलंक को, वीरों का भुजबल धोता है! जन्म जन्म के जीर्ण पाप को, गंगा मां पल में धो देती, मगर मैल मानस का केवल, पावन आंसू जल धोता है! " राकेश 'शम्स' ,राजेश जैन पीएनबी ,बलराम सरस, मुकेश श्रीवास्तव (कानपुर)ने"इसकी आन न जाने पाए, जान भले जाए तिरंगा लहर लहर लहराए" कवयित्री श्रीमती अंजली श्रीवास्तव (झ्रानी) ने "कभी फूलों की' ढेरों वो महकती डालियां लाये। रिझाने के लिए कानों की वो बालियां लाये।। कभी जब रूठ जाऊं तो मनाने के लिए साजन, बनाकर हाथ से खुद ही सजी वो थालियां लाये" शरद लंकेश (पटियाली) "अजय अटल (कासगंज) डॉक्टर सुधीर पालीवाल नयन डा. राजेंद्र सिंह राज महेश मंजुल द्वारा बेहतरीन काव्यपाठ किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश गांधी, अमित कुमार जौहरी एडवोकेट युवा प्रदेश अध्यक्ष, हिमांशु अस्थाना युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, द्वारा कार्यक्रम के अंत में सभी कवियों तथा उपस्थित गणमान्य नागरिकों का प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट करके सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोता अंत तक आनन्दित हुए। कार्यक्रम में वैभव राज सक्सैना,बिकाश चौधरी, धर्मेंद्र, संजीव, डॉ गोपाल, एकता सिन्हा, गुंजन अस्थाना, राहुल सिन्हा, उमाशंकर, प्रदीप भामाशाह, आदि बन्धु देर रात तक चले कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाया।।

# लाखों खर्च कर बनायीं गईं सड़के गड्ढों में तब्दील

शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - नुमाइश मैदान में बनी इस सड़क को तीन माह पहले ही बनाया गया था। ये हाल अकेली इस सड़क का नहीं है। नुमाइश परिसर में बनी हर सड़क का है, जिसे लाखों खर्च कर बनाया गया था। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। ऐसा हर साल होता है। जब भी प्रदर्शनी का आयोजन होता है उससे पहले सड़कों को ही बनाया जाता है। गुणवत्ता ऐसी होती है कि कोई भी सड़क एक साल नहीं चल पाती। ठेकेदार ने जैसी सड़क बना दी, अफसर उस पर ही अपनी मुहर लगा देते हैं। सड़क उखड़ने पर कभी न तो ठेकेदार से कोई सवाल-जवाब होता है और न मरम्मत कराई जाती है। इसी लिए लोग नुमाइश को दुधारू गाय बताते हुए सवाल भी खड़े करते हैं। कहते हैं, जिसकी सेटिंग-गेटिंग अच्छी होती है वो ही फलता-फूलता है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# ओड़गी निवासी महेश्वरी के लिए सक्षम योजना बनी सहारा पति के मृत्यु के बाद नही था आय का साधन

## जिला प्रशासन ने घर पहुंचकर जानी समस्या और दिया योजना का लाभ



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- महिला एवं बाल विकास विभाग की सक्षम योजना से जिले के कई घरों में नई रोशनी आई है, वहीं महिलाएं योजना का लाभ प्राप्त कर आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। ऐसी महिलाएं जिन्होंने अपने पति के रूप में जीवन की आशा भी छोड़ दी थी, उनके लिए सक्षम योजना एक वरदान साबित हो रही है, जिसका जीवित उदाहरण पेश करती ओड़गी विकासखण्ड की महेश्वरी आज सक्षम योजना का लाभ पाकर अपने घरेलू जीवन को सुख और संतोष से व्यतीत कर रही है। महेश्वरी बताती है कि परिवार में माता जी, 3 बच्चे संतोष उम्र 22 वर्ष, जसवंत सिंह 18 वर्ष, आशिष 16 वर्ष रहते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य है। किराना दुकान व खेती से घर खर्च चलता है। पति 28 मई 2021 को कुंआ खोदाई का काम कर रहे थे उसी समय अचानक मिट्टी गिरने से दबकर मृत्यु हो गई। उसके बाद जिला प्रशासन की टीम कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव, एसपी श्रीमती भावना गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिसोदिया, परियोजना अधिकारी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मुलाकात करने आए थे।

उन्होंने मेरी समस्या को जाना और कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सक्षम योजना की जानकारी दी गई। जिसके पश्चात् आवेदन किया गया एवं तीसरे ही दिन स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए एक लाख का लोन प्राप्त हुआ जिसके पश्चात् किराना दुकान खोला गया। जिससे खर्च चलता है। थोड़ी खेती भी है। एक दिन में 700 से 1000 रुपये तक की बिक्री हो जाती है। जिससे प्रति माह में 5000 से 7000 तक की आमदनी हो जाती है। महेश्वरी ने बताया की पति की मृत्यु हो जाने के बाद बहुत चिन्ता थी की घर परिवार कैसे चलेगा, बच्चे की पढ़ाई कैसे होगी परंतु जिला प्रशासन के सहयोग एवं सक्षम योजना के लाभ से दुकान संचालन बहुत अच्छा हो रहा है। सामान सूरजपुर से खरीद कर लाते है। वर्तमान में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है परिवार में सभी खुश हैं।

# गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में जंगलों की अवैध कटाई, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान विभाग बना मुखदर्शक

## गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में जंगलों की अवैध कटाई

रामचन्द्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दूरस्थ अंचल बिहारपुर क्षेत्र में मध्यप्रदेश राज्य सीमा से सटे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में जंगलों की अवैध कटाई जारी है. सूरजपुर जिले के दूरस्थ अंचल बिहारपुर क्षेत्र में मध्यप्रदेश राज्य सीमा से सटे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में जंगलों की अवैध कटाई जारी है. वहीं वनकर्मियों की भूमिका संदिग्ध होने के बाद अब वन विभाग जंगल की कटाई करने वालों के खिलाफ विभाग बना मुख दर्शक। दरअसल, दूरस्थ अंचल बिहारपुर के बैजनपाठ, खोहिर,जुड़वनिया,कोल्हुआ,चौगा, कछवारी, रामगढ़,उमझर, महुली गांव मध्यप्रदेश के सीमा में स्थित है जहां गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से घिरा हुआ है. ऐसे में ग्रामीणों का आरोप है कि वनकर्मियों द्वारा खुलेआम छूट देने से आशंका व्यक्त की जा रही है कि विभाग द्वारा मिलीभगत कर पेड़ों की अवैध कटाई कर मध्यप्रदेश राज्य में भेजा जा रहा है. वहीं दूसरी माड़ा रेंजर शिल्पी जायसवाल ने आज एक बाइक चालक को सरई की लकड़ी को तस्करी करते धर दबोचा। आरोपी छत्तीसगढ़ के जंगलों से सरई की लकड़ियों को काटकर सिंगरौली में माड़ा क्षेत्र में ला रहा था जिसे रास्ते से पकड़ लिया गया। माड़ा रेंजर शिल्पी जायसवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी ईश्वर प्रसाद वैश्य निवासी मिठुल माड़ा को माड़ा क्षेत्र के ग्राम कुम्हिया में घेराबन्दी करके पकड़ गया। आरोपी छत्तीसगढ़ के जंगलो से सरई के लकड़ियों की शिल्ली को बाइक पर लोड करके ला रहा था, आरोपी के पास से 3 नग शिल्ली बरामद हुआ है। आरोपी के विरुद्ध वन परिक्षेत्र अधिनियम के तहत कार्यवाही कर



बाइक ( MPz2By998 ) को जप्त कर राजसात करने की कार्यवाही चल रही है। भाजपा मंत्री मदन जायसवाल द्वारा गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के रेंजर पर लगाया गया गंभीर आरोप मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कोल्हुआ और तेलाईपाठ में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में लगभग 50 लाख की लागत से तलाब बनाई जा रही है जिसमें जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से काम करवाया जा



रहा है जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को मजदूरी नहीं मिल रहा है कहीं तालाब निर्माण में क्षेत्र के ग्रामीणों को मजदूरी मिलता तो लकड़ी काटने के बजाय वह कार्य करने में व्यस्त रहते लेकिन कार्य नहीं मिलने से क्षेत्र के मजदूर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में पेड़ों की कटाई कर मध्यप्रदेश में बेच रहे हैं और वही गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान व वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी को तस्करों द्वारा कमाई के लालच में वन विभाग और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी कर्मचारियों को तस्करों द्वारा जेब भरने के कार्य किया जा रहा है जिससे गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान वह वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मुख दर्शक बने हुए हैं लकड़ी तस्करों के लिए गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान द्वारा बनाए गए बैरियर बना शोपीस, आने-जाने वाले वाहन से की जा रही यात्री गेट पास के नाम से खुलेआम वसूली लगातार खबर प्रकाशन के बाद गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र कोल्हुआ मकरा द्वारी में 6 महीना पूर्व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान द्वारा बैरियर लगाया गया जिसमें अब लकड़ी तस्करों को खुलेआम छोड़ दे दिया गया है वही बाहर से आने-जाने वाले वाहनों से यात्री गेट पास के नाम से खुलेआम वसूली की जा रही है वही ताज्जुब की बात यह है कि जो पर्ची गेट पास के नाम से दिया जा रहा है भाड़ी तहसील बैकुंठपुर जिला



कोरिया छत्तीसगढ़ के नाम से दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत है

# 5 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 35 मोबाईल व स्मार्ट वॉच जप्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

रामचन्द्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बीते 03 मार्च को ओड़गी निवासी हिमांशु गुप्ता ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि भैयाथान-ओड़गी रोड़ में उसका आशु इलेक्ट्रानिक्स का दुकान है जहां 3 मार्च की दरम्यिानी रात्रि में उसके दुकान से 44 नग मोबाईल, 5 नग स्मार्ट वॉच और 1 इयर बड्र्स कीमत 6 लाख 50 हजार रूपये का अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 34/22 धारा 457, 380 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश अग्रवाल ने थाना प्रभारी को चोरी के मामले का जल्द खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली की पुलिस नई तकनीक की मदद से अज्ञात चोर की पतासाजी में लगी थी इसी दौरान मुखबीर ने सूचना दिया कि ग्राम करकोटी में एक व्यक्ति चोरी की मोबाईल बेचने की फिराक में है जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ा। पूछताछ पर कमल उर्फ राहुल ने बताया कि दिनांक 03.03.2022 को अपने साथी मुकेश बंजारे, ओमप्रकाश व 2 अन्य के साथ आशु इलेक्ट्रानिक्स की दुकान का ताला तोड़कर उसके अंदर रखे



मोबाईल, स्मार्ट वॉच, इयर बड्र्स को चोरी करके करकोटी स्थित अपने ईंट भट्ठा के पास छुपाकर रखे थे। आरोपी के निशानदेही पर 34 नग मोबाईल, 03 नग स्मार्ट वॉच कुल कीमत 5 लाख 50 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने का सब्बल जप्त कर आरोपी कमल उर्फ राहुल पिता अर्जुन राम उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम

**आरोपियों ने चोरी की मोबाईल को ईंट भट्ठा के पास रखा था छुपाकर**

करकोटी, मुकेश बंजारे पिता गनी राम उम्र 21 वर्ष सा. लखनपुर, थाना झिलमिली एवं ओमप्रकाश पिता लालसाय उम्र 19 वर्ष सा. केवरा, थाना झिलमिली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए मोबाईल को बेचने के लिए जसपाल उर्फ बंटी पिता करमचंद उम्र 19 वर्ष सा0 केशवनगर एवं उमाशंकर पिता महेश लाल उम्र 19 वर्ष सा0 तिलसिवां को दिए थे पुलिस ने चोरी का 1 नग मोबाईल जप्त कर इन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों आरोपियों ने चोरी के पूरे मोबाईल को बेचने का जिम्मा लिया था। मामले में 2 अन्य आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली बसंत खलखो, एएसआई धनेश्वर कुशवाहा, प्रधान आरक्षक हेमन्त सोनवानी, हितेश्वर राजवाड़े, आरक्षक दिनेश ठाकुर, दिलपाल कसेरा, युवराज यादव, रौशन सिंह, चंद्रदेव मरावी, अचल गुप्ता, महेश सिदार, रामदयाल राठिया व सैनिक नरेन्द्र मरावी सक्रिय रहे।